# बेहतर निवेश से ललितपुर बल्क ड्रग पार्क को बनाएंगे विश्वस्तरीय केंद्र

- हैदराबाद में कान्क्लेव आयोजित कर निवेश जुटाने की जुगत
- यूपी ने दक्षिण भारत के राज्यों के लिए बनाए ब्रांड एंबेसडर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : ललितपुर में बनाए जा रहे बल्क ड्रग पार्क को विश्व स्तरीय केंद्र बनाया जाएगा। प्रदेश सरकार इसके लिए भारी-भरकम निवेश जुटाएगी। हैदराबाद में गुरुवार को कान्क्लेव आयोजित कर निवेशकों को यूपी की फार्मा नीति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। हेल्थ केयर सेक्टर में भी निवेश करने के लिए उन्हें उत्साहित किया गया। दक्षिण भारत के उद्यमियों से निवेश कराने के लिए यूपी की ओर से ब्रांड एंबेसडर भी नियुक्त किए गए।

बायोटेक के सीएमडी डा.कृष्णा एला ने कहा कि यूपी में फार्मा सेक्टर में निवेश की बहुत संभावनाएं हैं और कंपनियों को इसका फायदा उठाना चाहिए। यहां सरकार काफी छूट उद्यमियों को दे रही है और वे सुरक्षित ढंग से यहां निवेश कर सकते हैं। इंवेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने फार्मा क्षेत्र में निवेश के लिए अनुकूल गंतव्य बताया। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी व डा.जीएन सिंह ने कहा कि प्रदेश में अनुसंधान एवं विकास केंद्र और क्लीनिकल परीक्षण स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। डिप्टी ड्रग कंट्रोलर (भारत) डा.रामकिशन व फार्मेक्ससिल के रिटायर डायरेक्टर जनरल डा.पीवी अप्पाजी शामिल हैं। नैटको फार्मा की ओर से नोएडा में लैब स्थापित करने में रुचि दिखाई।